NSW GOVERNMENT | Education

माता-पिता के लिए ऑनलाइन भुगतान करने की सुविधा

माता-पिता व देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

अब माता-पिता, विद्यार्थी के लिए स्कूल को जो पैसे देने हैं उसका भुगतान ऑनलाइन कर सकते हैं। यह भुगतान Westpac के सुरक्षित भुगतान पृष्ठ पर किया जा सकता है। यह भुगतान Visa या MasterCard क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है। यह कमप्यूटर, टैबलेट या मोबाईल फ़ोन से किया जा सकता है। भुगतान का पृष्ठ, स्कूल की वेबसाईट के पहले पृष्ठ पर जाकर, $ Make a payment ($भुगतान करें) को चुनने से मिल सकता है।

Westpac ने हाल ही में अपने कार्य के तरीके में सुधार किया है जिससे विवरण लिखने के लिए अधिक समय मिल सके और माता-पिता अपने आप लिखे जाने वाले [auto-fill (ऑटो-फ़िल)] विकल्प का उपयोग कर सकें और उन्हें अपना विवरण दुबारा न लिखना पड़े। अब भुगतान किसी बैंक अकाऊन्ट से क्रेडिट कार्ड या डाएरेक्ट- डेबिट (direct debit) द्वारा किया जा सकता है।

वह चीज़ें जिन के लिए भुगतान किया जा सकता है वह हैं ऐच्छिक रूप से स्कूल को चन्दा देना, विषयों के लिए चन्दा, आनन्द-यात्राओं, विद्यार्थियों को सामान बेचने के लिए व क्रियात्मक व व्यावहारिक कला संबंधी गतिविधियाँ (इसमें बैन्ड, ड्रामा व नृत्य शामिल हैं)। एक और वर्ग है जिसका नाम 'Other' है, और इसमें वह सब शामिल होगा जो पहले बताए गए शीर्षकों में शामिल नहीं हैं। 'Other' का उपयोग स्कूल के अकाउंट स्टेटमेंट का पूरा भुगतान करने के लिए किया जा सकता है।

जब आप $ Make a payment पर जाएँ तो आपके लिए ज़रूरी है कि आप निम्नलिखित जानकारी दें:

- विद्यार्थी का नाम
- कक्षा
- जन्म की तिथि

जब भी भुगतान करें तो आपको यह विवरण हर बार देना होगा क्योंकि भुगतान सिस्टम में विद्यार्थी की जानकारी दर्ज़ करके रखी नहीं जाती है ।

यह सुरक्षित भुगतान सिस्टम है जिसे Westpac ने तैयार किया है, यह सुनिश्चित करने के लिए आपके क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड संबंधी जानकारी को सुरक्षित रूप से रखा जाए। यह विवरण स्कूल को वापस नहीं भेजा जाता है।

भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने से पहले आप दिए गए विवरण की जाँच कर सकते हैं व बदल सकते हैं। रसीदें ईमेल से भेजी जा सकती है या/व आप प्रिन्ट कर सकते हैं।

भुगतानों का विवरण प्रतिदिन स्कूल को भेजा जाता है जहाँ भुगतान को को विद्यार्थी के अकाऊन्ट में जमा कर लिया जाता है। क्योंकि भुगतान के पृष्ठ से आपको रसीद दे दी गई है, इसलिए स्कूल आपको रसीद नहीं जारी करेगा।

ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया संबंधी प्रश्नों के लिए कृपया स्कूल प्रशासन कार्यालय से संपर्क करें।

टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा

यदि स्कूल से संपर्क करने के लिए आपको अंग्रेज़ी के लिए मदद चाहिए तो कृपया टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फ़ोन करें, उनको बताएँ की आप कौनसी भाषा बोलते हैं और ऑपरेटर से कहें कि स्कूल को फ़ोन करे। ऑपरेटर फ़ोन पर दुभाषिए का प्रबंध करेगी / करेगा जो बातचीत में आपकी मदद करेगी / करेगा। इस सेवा के लिए आपको कोई खर्चा नहीं देना होगा